दिनांक : 24.03.2025

समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- राज्य विधानसभा के बजट सत्र का आज अंतिम दिन। कई विधायी कार्य होंगे सम्पन्न।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा-प्रदेश में प्राचीनकाल गणना पद्धति की पुनर्स्थापना का अभियान जारी।
- विश्व तपेदिक दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।
- भारत ने कबड्डी विश्व कप में पुरूष और महिला दोनो वर्गो में जीता खिताब।

राज्य विधानसभा बजट सत्र

राज्य विधानसभा के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है। आज कई विधायी कार्य संपन्न किए जाएंगे। आज सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार करने का प्रस्ताव करगें। इसी तरह नगरीय विकास एवं आवास मंत्री. कैलाश विजयवर्गीय मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक, 2025 को विचार कर पारित करने का प्रस्ताव करेंगे। इसके अलावा कई मुद्दों को ध्यानार्कषण प्रस्ताव के माध्यम से सदन में रखा जाएगा। कई याचिकाओं की भी प्रस्तुती होगी।

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज छत्तीसगढ़ और ओडिशा का दौरा करेंगी। वे रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह में भाग लेंगी। ओडिशा में वे नयागढ़ में भारतीय विश्वबासु शबर समाज के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री-वैदिक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में प्राचीन काल गणना पद्धति की पुनर्स्थापना का अभियान चल रहा है। कल एक निजी टीवी चैनल पर मुख्यमंत्री ने कई सवालों के जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शासन के माध्यम से गरीब परिवारों को मकान उपलब्ध करवा रहे हैं और उनके इस अभियान में प्रदेश सरकार जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में वैदिक घड़ी लगाई गई है। उसमें ग्रीनविच और वैदिक समय भी है।

मुख्यमंत्री-जामसांवली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पांढुर्णा जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग-अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल पांढुर्ना में हनुमानज मंदिर परिसर जामसांवली में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे । मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहे हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिये सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस बार किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी जायेगी। साथ ही धान उत्पादन पर भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

मुंबई-वेव्स

मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल और एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स के अंतर्गत कल डब्लूएएम-एनीमे और मंगा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें शौकिया और पेशेवर दोनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और प्रतिष्ठित पात्रों को जीवंत किया। इस कार्यक्रम का आयोजन व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल में किया गया। कार्यक्रम में कॉस्प्ले, वेबटून और वॉयस एक्टिंग जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थी। सभी श्रेणियों के विजेताओं को जूरी द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पहला वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल और एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स एक से चार मई 2025 तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

तपेदिक दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकर स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। 1882 में डॉक्टर रॉबर्ट कोच ने टीबी के बैक्टीरिया की खोज की थी। 24 मार्च को उनकी जयंती के उपलक्ष्य में तपेदिक दिवस का आयोजन होता है। इस वर्ष की थीम ''हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं: प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास '' है। इस अवसर पर आज प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। खंडवा में आज जिला चिकित्सालय से जन जागृति रैली निकाली जाएगी। जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान जिले में 7 दिसम्बर से चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि अभियान के दौरान 4,01767 लोगो की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें गांव-गांव जाकर पोर्टेबल एक्स-रे मशीन द्वारा 33,337 व्यक्तियों के एक्स-रे किये गये। जिसमें कुल 1050 टीबी रोगी पाये गये। समस्त रोगियों का उपचार जारी है। देवास जिले में टीबी मुक्त 98 ग्राम पंचायतों में से 23 सिल्वर और 75 ब्रॉज पुरस्कार के लिये चयनित हुई है। इनके सरपंच और सीएचओ को आज जिला पंचायत कार्यालय देवास में पुरस्कृत किया जाएगा।

अच्छी खबर-शिवपुरी

शिवपुरी जिला मुख्यालय पर स्थित सर्किल जेल में बंदी कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल हो रही है। जेल में बंद कैदियों को जैकेट निर्माण से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

वीओ-संवाददाता, शिवपुरी

वीओ-1.(पीटीसी)- जेल में बंद कैदियों को जैकेट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके लिए 35 कैदियों को प्रशिक्षण कार्य से जोड़ा गया है। यह बंदी सर्किल जेल में जैकेट बनाते हैं। शिवपुरी सर्किल जेल में बनाई गई यह जैकेटें प्रदेश की अन्य जेलों में बंदियों को सप्लाई की जा रही हैं। शिवपुरी सर्किल जेल के अधीक्षक रमेश चंद्र आर्य ने बताया -----

वीओ-2-(पीटीसी)- जेल में बंद बंदी राजेश कुशवाह ने बताया कि जेल में रहकर जैकेट बनाने की प्रशिक्षण कार्य से जुड़े हैं और उन्हें अच्छा लग रहा है।

वीओ-3-(पीटीसी)- जेल में ही बंद और पूर्व में जैकेट बनाने के कार्य से जुड़े रहे बुंदेल सिंह ने बताया कि वह बंदी कैदियों को प्रशिक्षण देते हैं और उन्हें भी अच्छा लग रहा है।

तबादलें

भारतीय पुलिस सेवा के 15 वरिष्ठ अधिकारियों का कल तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की गई । इस संबंध में गृह विभाग द्वारा कल जारी आदेश में प्रभारी लोकायुक्त महानिदेशक जयदीप प्रसाद को स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो में एडीजी की जिम्मेदारी दी गई हैं। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, जयदीप प्रसाद की जगह योगेश देशमुख को लोकायुक्त में प्रभारी महानिदेशक बनाया गया है। वे अभी एडीजी, इंटेलिजेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

**पेटलावद दुर्घटना**

**झाबुआ जिले के पेटलावद में कल एक निर्माणाधीन सिनेमाहाल की छत गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई और 03 व्यक्ति घायल होगए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला और पुलिस विभाग ने बचाव अभियान शुरु किया और मलबें में दबे व्यक्तियों को तत्परता से बाहर निकाला गया । मृतक के परिवारों को राशि रूपयें 75 हजार और एवं घायल 03 व्यक्तियों को 25,000-25,000 की सहायता राशि तत्काल से रेडक्रास के माध्यम से कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जारी की गई है । साथ ही हादसे की संपूर्ण जांच के लिए कलेक्टर नेहा मीना ने जांच समिति का गठन कर जांच के निर्देश दिए गए। इस घटना के बारे में झाबुआ एसपी पद्म विलोचन शुक्ला ने जानकारी दी।**

**कबड्डी विश्वकप**

**भारत ने इग्लैंड में पुरूष और महिला कबड्डी विश्वकप खिताब जीत लिए हैं। पुरूष टीम ने फाइनल में इग्लैंड को 44-41 से हराया।**

**इससे पहले, भारतीय महिला टीम ने भी फाइनल में 34 के मुकाबले 57 अंक से इंग्लैंड को मात दी।**

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- **भोपाल नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण टीम शहर में सर्वे कर रही है।**
- **इंदौर में आज से 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।**

-------

————————